उत्तराखंड में पर्यटन स्थलों पर लगेंगे 500 वाटर एटीएम

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड पेयजल विभाग के सचिव नितिश झा ने बताया कि प्रदेश में पानी की प्लास्टिक बोतलों का प्रचलन कम करने, ग्रामीणों को स्वरोज़गार और पर्यटकों को स्वच्छ पानी देने के लिये हर पर्यटन स्थल पर अत्याधुनिक वाटर एटीएम लगेंगे।

प्रमुख बिंदु

- विभाग की ओर से प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर पहले चरण में लगने वाले 500 अत्याधुनिक वाटर एटीएम के संचालन की ज़िम्मेदारी संबंधित पर्यटन स्थल की ग्राम पंचायत को दी जाएगी।
- सभी वाटर एटीएम पर उस पानी की गुणवत्ता डिस्प्ले की जाएगी। पर्यटकों को यह पता रहेगा कि वे किस स्तर का पानी पी रहे हैं।
- गौरतलब है कि राज्य में प्लास्टिक अपशिष्ट कम करने के लिये राज्य के शहरी विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश के तहत आगामी 1 जुलाई, 2022 से प्लास्टिक के स्ट्रॉ, चम्मच, प्लेट, थर्माकोल और थर्माकोल से बनी चीज़ों पर प्रतिबंध लगेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/500-water-atms-to-be-installed-at-tourist-places-in-uttarakhand